



नवभारत
भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

# शिशु मृत्यु दर घटकर 6.92% दर्ज

## छतरपुर जिला अस्पताल के एसएनसी वार्ड की बड़ी उपलब्धि

**छतरपुर, 3 अप्रैल. छतरपुर जिला अस्पताल स्थित विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच नवजात मृत्यु दर घटकर 6.92 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो बीते वर्षों की तुलना में सबसे कम है.**

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच नवजात मृत्यु दर 9.1 प्रतिशत थी, जबकि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के दौरान यह 10.7 प्रतिशत दर्ज की गई थी. इस प्रकार लगातार सुधार के प्रयासों से वर्तमान वर्ष में मृत्यु दर में महत्वपूर्ण गिरावट आई है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता अस्पताल में उपलब्ध बेहतर उपचार सुविधाओं, प्रशिक्षित एवं समर्पित स्टाफ की सतत निगरानी, समय पर इलाज तथा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के प्रभावी उपयोग के कारण संभव हो सकी है. साथ ही नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल और प्रोटोकॉल के पालन ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है.



यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली में सुधार को दर्शाती है, बल्कि जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है.

## बच्ची ने ट्रैक्टर कर दिया स्टार्ट, ट्रॉली समेत कुएं में गिरी

**छतरपुर.** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रनगर चौकी के धमना गांव में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा सामने आया. यहां खेलते समय 5 वर्षीय मासूम बच्ची ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत कुएं में जा गिरी, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार, कैलाश अहिरवार की 5 वर्षीय पुत्री चांदनी अहिरवार घर के पास खेल रही थी. इसी दौरान ट्रैक्टर में चाबी लगी होने के कारण बच्ची ने खेल-खेल में उसे स्टार्ट कर दिया. अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पास स्थित कुएं में जा गिरा. घटना दोपहर करीब 3 बजे वाराखेरा माइनर के पास की बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. घटना के बाद पूरे गांव में चिंता और दहशत का माहौल बना हुआ है.

# बड़ामलहरा में हुआ मुर्रा पाड़ों का वितरण

**पशुपालन को बढ़ावा** 75% अनुदान पर मिले उन्नत नस्ल के पाड़े

**छतरपुर, 3 अप्रैल.** मध्य प्रदेश शासन की समुन्नत योजना के तहत छतरपुर जिले के बड़ामलहरा विकासखंड में पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई. कार्यक्रम के तहत चयनित 13 पशुपालकों को लकी ड्रॉ के माध्यम से उन्नत नस्ल के मुर्रा पाड़ों का वितरण किया गया, जिसमें हितग्राहियों को 75 प्रतिशत अनुदान का लाभ मिला.



उपसंचालक पशुपालन डॉ. अशोक जैसवानी ने पशुपालकों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि इन उन्नत नस्ल के पाड़ों से देसी भैंसों का गर्भाधान कराने पर आने वाली पीढ़ी में मुर्रा नस्ल की बछिया उत्पन्न होगी, जिससे दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. यह पहल कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य पशुपालन को आय का सशक्त माध्यम बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है.



# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## मुस्लिम समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**छतरपुर, 3 अप्रैल. सटई नगर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. शोभायात्रा भभूतिया टीक मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, थाना परिसर, भारत माता चौक, रैकवार मोहल्ला और तालाब मोहल्ला होते हुए पुन: बस स्टैंड पहुंचकर सम्पन्न हुई. पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और बैंड-बाजों व डीजे पर बज रहे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए.**

**राम दरबार की झांकी रही आकर्षण का केंद्र**

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भारी भीड़ उमड़ी. नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बजरंग दल समिति द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई. वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा. थाना प्रभारी सुनीता बिदुआ अपने दल-बल के साथ मौके पर मौजूद रहीं और व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेती रहीं. अंत में रामदरबार की आरती कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि मुस्लिम बस्ती में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी फूल बरसाकर साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की, जिसकी सभी ने सराहना की.

# ट्रेन से कटकर रिक्शा चालक की मौत

**छतरपुर, 3 अप्रैल.** छतरपुर नगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतांबरा मंदिर के पास स्थित रेलवे पुल के नीचे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मौत ट्रेन से कटने के कारण हुई है, जिसे आत्महत्या की आशंका के रूप में देखा जा रहा है.

**पीतांबरा मंदिर रेलवे पुल के पास मिला शव**

मृतक की पहचान सटई रोड निवासी सुरेंद्र साहू के रूप में हुई है, जो छतरपुर शहर में रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर उसे जिला अस्पताल भेज दिया. शुक्रवार 3 अप्रैल को दोपहर करीब 2:00 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.



### बैल से टकराई बाइक, घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम

छतरपुर नगर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धनेरा निवासी विशाल नाथ गुरुवार शाम करीब 7 बजे अपनी बाइक से जा रहा था, तभी देरी और धनेरा के बीच उसकी बाइक अचानक सामने आए एक बैल से टकरा गई. हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां रात करीब 9 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है.



## एसपी और कलेक्टर से सुरक्षा की लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 3 अप्रैल.** चंद्र मोहन सपा और कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए अपनी सुरक्षा को खतरा बताया उन्होंने बताई कि उनके घर के पास ही रहने वाले कुछ लोगों से उनके पूर्व में विवाद हुआ था. इस बात की शिकायत थाने में की गई थी. इस मामले में राजीनामा करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है उन्होंने अपने ऊपर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना करने की भी आशंका व्यक्त की है आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई.

## बिना पंजीयन निजी चिकित्सालयों पर होगी सख्त कार्रवाई

**विदिशा.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन नियम, 1997 संशोधित 2021 एवं अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत निजी क्षेत्र के सभी चिकित्सा संस्थानों का पंजीयन अनिवार्य है.

इन प्रावधानों के अंतर्गत नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालय, परामर्श केंद्र, औषधालय, प्रयोगशाला, एक्स-रे एवं रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर, डेंटल क्लीनिक सहित सभी प्रकार के क्लीनिक बिना पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति के न तो खोले जा सकते हैं. सीएमएचओ ने सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थाओं का तत्काल पंजीयन कराना सुनिश्चित करें. सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि कोई संस्था बिना पंजीयन के संचालित पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत जुर्माना एवं कारावास सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# कचरा घर बनी कुरवाई की बावड़ी

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 3 अप्रैल, विदिशा जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणाम कागजों और धरातल पर दो अलग कहानियां बयां कर रहे हैं.**

**दावों में चमकता जिला की कुरवाई हकीकत से दूर**

एक ओर जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत ने यह रिपोर्ट पेश की कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी 1024 सार्वजनिक कुओं पर मुंडेर निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वहीं कुरवाई के वार्ड क्रमांक 4 से आई तस्वीरें इन दावों की कड़वी सच्चाई दिखा रही हैं.

प्रशासन का दावा है कि कुरवाई सहित पूरे जिले में चिन्हित कुओं को सुरक्षित कर जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित कर दी गई है, लेकिन कुरवाई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने की स्थिति इसके ठीक उलट है. यहाँ की बड़ी बावड़ी के चारों ओर फेंसिंग तो है, लेकिन यह अब सुरक्षा के बजाय कचरा रोकने का घेरा बन गई है. मंदिर के ठीक सामने और बावड़ी के मुहाने पर गंदगी का ऐसा ढेर पड़ा रहता है कि श्रद्धालुओं का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया है.

**शव मंदिर आस्था के केंद्र पर फैला यह कचरा**

एक तरफ कलेक्टर ने अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि मुंडेर निर्माण से जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहेगी, वहीं दूसरी तरफ शिव मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर फैला यह कचरा प्रशासनिक दावों को आईना दिखा रहा है. क्षेत्रीय नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस गंदगी के अंबार के बीच जल गंगा संवर्धन का उद्देश्य कैसे पूरा होगा. केवल फेंसिंग लगा देने से जिम्मेदारी खत्म नहीं होती; जब तक जल स्त्रोतों के आसपास से गंदगी का साम्राज्य खत्म नहीं होगा, तब तक स्वच्छ पेयजल और जनसुरक्षा के ये सरकारी आंकड़े मात्र कागजी जादूगरी ही नजर आएंगे.

## हनुमान जन्मोत्सव पर सेवा का संदेश

**गंजबासौदा,** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा और सेवा की मिसाल पेश की गई. मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के साथ-साथ राहगीरों को भी अब 24 घंटे शीतल जल उपलब्ध होगा. वाटर कूलर का विधिवत पूजन महंत राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया. समाजसेवी प्रकाश माहेश्वरी ने अपने स्वर्गीय पिता शिवलाल माहेश्वरी एवं माता श्रीमती निर्मला देवी माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में मंदिर परिसर में यह वाटर कूलर भेंट किया.

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित




## प्राथमिक विभाग का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**बड़ामलहरा, 3 अप्रैल.** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर का विगत दिवस वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समारोह में शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया .कार्यक्रम की खास मेहमान क्षेत्रीय विधायक रामसिया भारती थीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता बुन्देलखण्ड बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक सीताराम असाटी ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में विधालय के पूर्व छात्र राजकुमार सिंह टिकू चौहान मौजूद रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुआ . विधालय के के.जी.1 से लेकर नवमी तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें प्राथमिक विभाग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा . इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामसिया भारती ने विधालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी शिक्षा भी सरस्वती शिशु मंदिर से ही हुई है . भैया बहिनों के उत्कृष्ट परिणाम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय मे एक सोलर पैनल लगवाने का संकल्प लिया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीताराम असाटी ने भैया, बहिनों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाते हुए अपने पिता-माता एवं अपने गुरुजनों का नाम रोशन करें .इस मौके पर धनप्रसाद असाटी, विद्यालय का आचार्य परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे .



# पुलिसकर्मी-कंडक्टर में मारपीट

## छतरपुर बस स्टैंड पर किराए को लेकर हुआ विवाद

**छतरपुर, 3 अप्रैल. छतरपुर नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड पर शुक्रवार को बस किराए को लेकर पुलिसकर्मी और कंडक्टर के बीच विवाद हो गया. देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई.**

**वीडियो हुआ वायरल**

घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो 3 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में दोनों पक्षों के बीच मारपीट साफ देखी जा सकती है, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. फिलहाल मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर जांच की संभावना जताई जा रही है.

**तबादले** एसपी अगम जैन ने चार थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

# छतरपुर में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

**छतरपुर, 3 अप्रैल. छतरपुर जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 4 थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है. इस आदेश के तहत निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं.**

जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक सुरभि शर्मा को भगवा थाने की कमान सौंपी गई है. वे अब भगवा थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं देंगी. वहीं, भगवा थाने में पदस्थ रहे निरीक्षक कृपाल सिंह मार्को को वहां से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय (एसपी ऑफिस) संबद्ध किया गया है. उपनिरीक्षकों के स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं. उपनिरीक्षक सुरेंद्र मरकाम को पिपट थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि उपनिरीक्षक राहुल तिवारी को सरवई थाने की जिम्मेदारी सौंपते हुए वहां का थाना प्रभारी बनाया गया है.



इसके अतिरिक्त, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र यादव को रीवा स्थानांतरण के बाद जिले से कार्यमुक्त (रिलीव) कर दिया गया है. एसपी द्वारा किया गया यह फेरबदल क्षेत्र में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# तीन मित्रों ने हनुमान जन्मोत्सव पर चांदी का छत्र किया भेंट

**नवभारत न्यूज**

**पठारी, सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम में नगर के तीन मित्रों ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री करेली सरकार को चांदी का छत्र भेंट किया. छत्र भेंट के दौरान एक अलौकिक घटना भी देखने को मिली, जिसमें हनुमान जी महाराज के गले से पुष्पमाला स्वत: गिर गई, जिसे श्रद्धालुओं ने दैविक संकेत मानते हुए प्रभु की असीम कृपा बताया.**

नगर के युवा एवं भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी सुनील कुमार साहू, प्रसार पीआर कंपनी भोपाल के संचालक अभिलाष ठाकुर एवं संबल झा ने लगभग 3 किलोग्राम का चांदी का छत्र श्री हनुमान जी महाराज करेली सरकार को समर्पित किया. इस दौरान विशेष पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से छत्र अर्पित किया गया.कार्यक्रम के दौरान श्री सत्यनारायण कथा का पावन वाचन भी किया गया, जिसमें तीनों मित्रों के परिजन, शुभचिंतक, मित्र, सगे संबंधी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

इस अवसर पर नगर के मनोज नामदेव द्वारा रचित श्री करेली सरकार हनुमान चालीसा का विधिवत विमोचन किया गया. चालीसा की विशेष पूजा अर्चना कर उसे श्री हनुमान जी महाराज को समर्पित किया गया. साथ ही लव कुश मानस मंडल एवं श्रद्धालुओं द्वारा श्री करेली धाम में सामूहिक वाचन किया गया.

### खेत की रखवाली कर रहे युवक से मारपीट

छतरपुर जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोरवा में एक मूकबधिर युवक के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार, गांव निवासी पूरन अहिरवार देर रात अपने खेत की रखवाली कर रहा था, तभी अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया और बेरहमी से मारपीट की. घटना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 ने घायल युवक को तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. युवक की हालत को देखते हुए चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है. परिजनों ने शुक्रवार 3 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे जिला अस्पताल में घटना की जानकारी दी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है.

